>

Title: Need to utilize the MPLADS fund properly in development programmes.

**श्री शैलेन्द्र कुमार (चायल) :** माननीय सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय संसदीय कार्य राज्य मंत्री का ध्यान अपने निर्वाचन क्षेत्र चायल, उत्तर प्रदेश जिसमें इलाहाबाद, कौशाम्बी और फतेहपुर, तीन डिस्ट्रिक्ट आते हैं, की ओर आकर्षित करना चाहता हूं। एमपी लैड में सांसद निधि का जो पैसा है, उसे वहां के अधिकारी काफी देर में खर्च करते हैं। विभिन्न परियोजनाओं पर हमने जो धन आवंटित किया है, उसकी वे एक किश्त तो दे देते हैं लेकिन दूसरी किश्त देने में काफी देरी करते हैं जिसके कारण तमाम अधूरी परियोजनाओं पर काम नहीं हो पा रहा है। इस बीच जैसा कि अभी सम्मानित सदन में इस बात की चिंता और चर्चा हुई कि बाढ़ और सूखे की स्थिति पूरे देश में है। हमारे उत्तर प्रदेश में सूखे की स्थिति है। मैं चाहूंगा कि भारत सरकार उत्तर प्रदेश के खासकर चीफ सैक्रेट्री और वहां के चीफ मिनिस्टर को कहें कि जो सांसद निधि का पैसा है, वह उचित समय पर खर्च हो और अधूरी परियोजनाओं को उसका आवंटन कर दें ताकि वे परियोजनाएं पूरी हों। ...(व्यवधान)

MR. CHAIRMAN: Shri Shailendra Kumar, please conclude. There is a separate Ministry under the Minister, and you can tell him about the same.

**श्री शैलेन्द्र कुमार :** इसके साथ-साथ मैं आपकी मार्फत एक मांग करना चाहूंगा कि जहां-जहां बाढ़ और सूखे की स्थिति है वहां पर सांसद निधि का अन्य बजट एडवांस में दे दिया जाये ताकि वह राशि बाढ़ और सुखाड़ क्षेत्रों की समस्याओं पर खर्च हो सके। इससे लोगों को रोजगार मिल सके और विकास कार्य जो अधूरे हैं, वे पूरे किये जा सकें।